राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–162/2024

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व० अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

पटना, 16 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पाटलिपुत्र पार्क, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी स्व० वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किए गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति की गई।

....